प्रादेशिक समाचार
दिनांक–28.06.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

- झारखंड हाईकोर्ट ने जमीन घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को दी जमानत, पांच महीने बाद जेल से हुए रिहा।
- नीट मुद्दे पर विपक्ष के हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित, राज्यसभा में भी जारी रहा गतिरोध।
- नीट पेपर लीक मामले में झारखंड से बिहार तक सीबीआई जांच तेज, ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल समेत दो संदिग्धों को लेकर पटना रवाना हुई जांच टीम।
- राज्यवासियों को दो सौ यूनिट बिजली मुफ्त देने के प्रस्ताव को मंत्रिपरिषद ने दी मंजूरी।
- पिछले कुछ दिनों से कमजोर पड़ा मॉनसून हुआ सक्रिय, मौसम विभाग ने रांची, गुमला और खूंटी समेत राज्य के 15 जिलों में जारी किया बारिश का येलो अलर्ट।

**************

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रांची की होटवार जेल से रिहा हो गए हैं। भूमि घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने आज उन्हें जमानत दे दी। ईडी ने हेमंत सोरेन को 31 जनवरी को लंबी पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया था। गिरफ्तरी के बाद से वह रांची के होटवार जेल में बंद थे। श्री सोरेन के जेल से बाहर आने से झामुमो कार्यकर्ताओं में उत्साह है। जेल से बाहर आने के बाद श्री सोरेन ने सबसे पहले अपने पिता शिबू सोरेन के आवास पर जाकर उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने फिर कहा कि एक सुनियोजित साजिश के तहत उन्हें जेल भेजा गया।

**************

जमीन घोटाला मामले में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड उच्च न्यायालय से जमानत मिलने पर प्रतिपक्ष के नेता अमर बाउरी ने कहा कि वे न्यायालय के फैसले का सम्मान करते हैं। रांची में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा है कि न्यायालय अपना काम कर रहा है। इससे भाजपा का कोई लेनादेना नहीं है।

**************

इधर, राज्य के पथ निर्माण मंत्री और हेमंत सोरेन के भाई बसंत सोरेन ने इसे न्याय की जीत बताया है। बसंत सोरेन ने न्यायपालिका के प्रति आभार जताया।

**************

नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं पर विपक्ष के विरोध के कारण लोकसभा को आज दिन भर के लिए स्थगित करना पड़ा। राज्यसभा को भी तीन बार स्थगित करना पड़ा। पहले स्थगन के बाद दोपहर 12 बजे जब लोकसभा की कार्यवाही शुरू हुई तो कांग्रेस सदस्यों ने इस मुद्दे पर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग करते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। कांग्रेस, द्रविड़ मुनेत्र कड़गम–डीएमके, तृणमूल कांग्रेस– टीएमसी, समाजवादी पार्टी और अन्य सदस्य वेल में आ गए। नीट मुद्दे पर राज्यसभा में भी हंगामा हुआ।

**************

नीट पेपर लीक मामले में झारखंड से लेकर बिहार तक सीबीआई जांच तेज हो गयी है। चार दिनों तक हजारीबाग में छानबीन करने के बाद सीबीआई की टीम आज शाम करीब साढ़े चार बजे ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल एहसान उल समेत दो संदिग्धों को लेकर पटना के लिए रवाना हो गयी। सीबीआई की टीम चरही स्थित सीसीएल गेस्ट हाउस से दो गाड़ियों से निकली है। साथ में पुलिस का एक एस्कॉर्ट वाहन भी गया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि सीबीआई की टीम दो काले ब्रीफकेस और एक आईरन बॉक्स भी अपने साथ ले गई है। बताया गया है कि जिस बक्से से प्रश्न पत्र लीक होने की बात कही जा रही है, सीबीआई उस बक्से को साथ ले गयी है। इस बक्से में कई अहम सबूत और इलेक्ट्रॉनिक गजट होने की भी बात कही गयी है।

**************

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की अध्यक्षता में आज हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में बैठक में कुल 40 प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गयी है। एक अहम फैसले में सरकार ने राज्यवासियों को दो सौ यूनिट मुफ्त बिजली देने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसके अलावा मुख्यमंत्री बहन–बेटी मई कुई स्वावलंबन योजना को भी

मंजूरी प्रदान की गयी। इसके तहत 25 से 50 वर्ष तक की युवतियों और महिलाओं को आर्थिक सहयोग देने का प्रावधान किया गया है।

***************

राज्य में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव के सिलसिले में भारतीय जनता पार्टी ने 100 दिनों के लिए कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की है। इस सिलसिले में आज रांची में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में जिला अध्यक्षों, जिला प्रभारियों और विभिन्न समितियों की बैठक हुई। बाद में पत्रकारों से बातचीत में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि राज्य की ज्वलंत मुद्दों पर राज्य के सभी जिलों में पार्टी की ओर से आंदोलनात्मक कार्यक्रम चलाया जाएगा।

***************

झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रवीन्द्रनाथ महतो ने आज जामताड़ा जिले के नाला प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीयकृत उच्च विद्यालय की चाहरदीवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मौके पर श्री महतो ने कहा कि शिक्षा के विकास और आधारभूत संरचनाओं के निर्माण पर सरकार प्राथमिकता के आधार पर कार्य कर रही है।

***************

धनबाद जिले में आज राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष एम. वेंकटेशन ने सफाई व्यवस्था को लेकर बैठक की। इस दौरान उन्होंने नगर निगम धनबाद, नगर परिषद चिरकुंडा, आईआईटी, आईएसएम, सिंफर अंतर्गत कार्यरत सफाई कर्मियों की सुरक्षा और समस्याओं को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

***************

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस ने रनिया थाना क्षेत्र के गढ़सीदम जंगल में छापेमारी कर प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआई के एरिया कमांडर समेत दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादियों के पास से हथियार और भारी मात्रा में कारतूस बरामद किये गये हैं।

***************

लोहरदगा जिले में हाथियों के उत्पात से ग्रामीण परेशान हैं। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता—

***************

मौसम विभाग के अनुसार झारखंड में पिछले कुछ दिनों से कमजोर पड़ा मॉनसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में हलचल होने और साइक्लोनिक सर्कुलेशन के तेजी से बढ़ने के कारण अगले एक—दो दिन में राज्य में मॉनसून की बारिश होने लगेगी। मौसम विभाग ने रांची, गुमला और खूंटी समेत राज्य के पंद्रह जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

*********समाप्त**********